संक्षिप्त

महापंचायत में भाग लेने का निर्णय

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। वीर गुर्जर युवा मण्डल की मीटिंग में 8 जून को पीलूपुरा में आयोज्य गुर्जर आरक्षण आंदोलन महापंचायत में शामिल होने का निर्णय लिया गया। देवडूंगरी स्थित देवनारायण मंदिर में आयोजित मीटिंग में सर्वसम्मती से सहमति जताई की पीलूपुरा में स्थानीय गुर्जर समाज द्वारा एकजुटता के साथ महापंचायत में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। इस दौरान वीर गुर्जर युवा मण्डल अध्यक्ष श्योजीराम गुर्जर टोंकड़ा, जिला परिषद सदस्य गणेश तंवर, पार्षद किशन चौहान, पूर्व सभापति जगदीप गुर्जर, रामस्वरूप बारवाल, जयराम चाड फौजी, भागचंद गुर्जर, शंकर बागड़ी, रणजीत चौहान, दयाराम गुर्जर, रमेश लांगड़ी, भोजराज बागड़ी, देवा गुर्जर, रामदेव खटाणा, श्रवण बोकण, एडवोकेट राजेश गुर्जर सहित कई समाजबंधु मौजूद रहे।

कार्यशाला कोटा में आयोजित

ब्यावर (निसं) स्वदेशी जागरण मंच स्वावलंबी भारत अभियान चितौड़ प्रान्त का प्रांत विचार वर्ग एवं कार्यशाला कोटा में आयोजित हो रही हैं।स्वदेशी जागरण मंच के नगर सह संयोजक मनीष जनागल ने बताया कि 7 व 8 जून तक कोटा में आयोजित दो दिवसीय प्रांत विचार वर्ग एवं कार्यशाला में जिला सह संयोजक मोहन सिंह चौहान और जिला संयोजक सुरेश चन्द फुलवारी के नेतृत्व में ब्यावर के कार्यकता भाग लेंगे ।इस कार्यशाला में स्वदेशी , स्वरोजगार ,स्वावलंबन और आर्थिक विकास के बारे में विभिन्न राष्ट्रीय और प्रांतीय पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त करेंगे ।ब्यावर से ,नगर संयोजक बलराज सिंह राठौड़, नरेन्द्र वैष्णव आदि कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।

गौशाला का निरीक्षण

सरवाड़, । सरवाड़ उपखंड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर ने शनिवार को वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत 2025 को नंदी गौशाला में पहुंचकर जल स्रोत का पूजन पानी की खेलियों की सफाई व गायों के आश्रय स्थल की सफाई एवं वृक्षारोपण किया गया इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान पशु चिकित्सालय से डॉक्टर गिरीश कांत वर्मा, पशुधन प्रसार अधिकारी रामरोज सालोदिया, उपखंड कार्यालय से बुद्धि प्रकाश मीणा, भारमल गुर्जर, नंदी गौशाला के संरक्षक कन्हैयालाल माली, भाजपा नेता राधेश्याम पोरवाल, अध्यक्ष रामलाल गुर्जर, सचिव शिव प्रकाश पारीक, कोषाध्यक्ष तेजमल हरवानी, प्रहलाद पांचाल व सदस्य घनश्याम आचार्य सहित कई गौशाला के सदस्य उपस्थित रहे।

प्रवेश की अंतिम तिथि 16 जून

मसूदा (निसं)। राजकीय महाविद्यालय, मसूदा एवं राजकीय कन्या महाविद्यालय, मसूदा में बी.ए. प्रथम वर्ष के लिए आनलाईन प्रवेश प्रक्रिया जारी कर दी गई है। प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रारम्भ होने की तिथि दिनांक 4 जून बुधवार है। तथा आवेदन पत्र भरे की अंन्तिम तिथि सोमवार 16.जून है। प्रवेश प्रभारी अनुसार विद्यार्थी अपनी एएध ध्ऊ से आयुक्तालय की वेब साइट से अपने जन आधार के माध्यम से भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन पत्र के साथ ये मूल दस्तावेज संलग्न करने होते है- 12वीं की अंकतालिका, टी.सी., आय-प्रमाण पत्र मूल निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण-पत्र।दिनांक 20.जून शुक्रवार को अंन्तिम वरीयता सूची व प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन होने के साथ ही दिनांक 21जून से महाविद्यालय में दस्तावेज सत्यापन प्रारंभ होगा। दस्तावेज सत्यापन के बाद विद्यार्थी द्वारा ई-मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 24 जून है। महाविद्यालय में प्रवेशित विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन दिनांक 26जून को होगा।

भीलवाड़ा में भंडारे का आयोजन

भीलवाड़ा । कैंची धाम की तर्ज पर इस वर्ष भी भीलवाड़ा में श्री नीब करौरी बाबा जी का स्थापना दिवस 15 जून को बड़े भव्य और श्रद्धामय माहौल में मनाया जाएगा। रामधाम चौराहे पर आयोजित इस दिव्य भंडारे में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। जैसे हर वर्ष 15 जून को कैंची धाम (नैनीताल) में लाखों श्रद्धालु बाबा नीब करौरी महाराज जी के पावन चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं, ठीक उसी भाव और भक्ति के साथ इस बार भीलवाड़ा की पुण्यभूमि पर भी यह पावन दिन एक आध्यात्मिक उत्सव में परिवर्तित होने जा रहा है।

दृढ़ संकल्प से ही पूरे होगें जीवन के सपने : महंत हनुमानराम

- युवा पीढ़ी उद्योग जगत में बनाये अपना केरियर : चोयल
- 37वां प्रतिभावान सम्मान समारोह में 12वीं के 432 विद्यार्थी हुए सम्मानित

अजमेर (कासं)। शान्तान्द उदासीन आश्रम, पुष्कर के महंत हनुमानराम ने शनिवार को यहां आयोजित 12वीं कक्षा के मेघावी छात्र-छात्राओं का आहवा्न किया कि जीवन में सदैव प्रबंधन के साथ सपने देखते हुए दृढ़ संकल्प के साथ पूर्ण करे।

सांई बाबा मन्दिर ट्रस्ट, शान्तात्मा व्यास एवं मेघीतुलसी किशनानी स्मृति संस्थान, अजमेर व स्वामी समूह के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 37वें प्रतिभावान सम्मान समारोह स्वामी कॉम्पलेक्स के रसोई बैकेट हॉल में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि मंहत हनुमान राम ने कहा कि जीवन में सदैव और अधिक सीखने की लालसा को कम नहीं होते हुए आध्यात्मिक के साथ जीवन लक्ष्यों को अर्जित करे, उन्होनें मेद्यावी छात्रों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि देश के विकास में समर्पित भाव से अपनी योग्यता का उपयोग करे।

मुख्य वक्ता प्रमुख मोटिवेटर, लेखक व उद्योगपति आर.एस. चोयल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी भविष्य के प्रति असमंजस की स्थिति में रहती है, वर्तमान में परीक्षाओं में अधिक अंक अर्जित करने का दबाव रहता है, उन्होनें कहा कि डिग्री एक मात्र कागज़ की प्रमाणिकता है, आज की युवा पीढ़ी के लिए केरियर विभिन्न स्त्रोंत उपलब्ध है लेकिन नौकरी प्राप्त करने के जगह नौकरी देने वाले बने, इससे राष्ट्र के विकास में भी गति प्राप्त होगी। अन्तर्राष्ट्रीय खिलाड़ी विनीत लोहिया ने कहा कि युवा पीढ़ी को पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहना जरूरी है उन्होनें दैनिक जीवन में खेलों की आवश्यकता पर जोर देते हुए एक घंटा खेल मैदानों पर गुजारने का आ ान किया।

लेखक व चिंतक गिरधर तेजवानी ने कहा कि यही समय है कि जब भविष्य की राह तय करना होता है, आत्मविशलेषण के साथ संकल्प के प्रति समर्पित भाव से अपने जीवन का सपना देखे। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थाणी, पूर्व आर.एस. अधिकारी सुरेश सिंधी, दिशा प्रकाश किशनानी, कुसुम आर्य ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांई बाबा के ट्रस्टी महेश तेजवानी ने की। मंच संचालन हरी चंदनानी ने किया। सभी का धन्यवाद प्रेम केवलरमानी ने दिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में माँ सरस्वती व स्वामी हिरदारामजी की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्जवलित किया। कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि सम्मान समारोह में राजस्थान बोर्ड और सी.बी.एस.ई. परीक्षा 12वीं के 80 से 99 प्रतिशत तक के 432 विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिसमें टॉप 10 में आने वाले विद्यार्थियों में टॉप टेन आने वाले विद्यार्थी वंश अग्रवाल, सुहाना अग्रवाल, जानवी मोरयानी, पुष्पेन्द्र सिंह रावत, नीरू रावत, शिवांश पटवा, राहुल शेरा, राधिका बांगड, लक्ष्य पाराशर रिधिमा मित्तल को अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं अजमेर एट् ग्लास, हिंगलाज शक्तिपीठ जैसी ज्ञाववर्धक पुस्तकें भेट की गई व टॉप तीन विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर शंकर बदलानी, रमेश टिलवानी, हरीराम कोडवानी, आई.जी भम्बानी, प्रकाश जेठरा, एम.टी. वाधवानी अनिल आसनानी, मुकेश आहूजा, हरीश तनवानी, वासुदेव कुंदनानी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

निःशुल्क योग शिविर का शुभारम्भ

बिजयनगर । भारत विकास परिषद् मुख्य शाखा बिजयनगर एवं नगरपालिका बिजयनगर के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का शुभारम्भ भारत माता व स्वामी विवेकानन्द की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्जलन व वन्देमातरम् गायन के साथ किया गया । शाखा सचिव ब्रजेश बाल्दी ने बताया कि शिविर 20 जून तक गाँधी उद्यान बिजयनगर में चलेगा व इसका समापन 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विवेकानन्द चौराया सब्जी मण्डी पर होगा ।शिविर का समय:- प्रातः 5:30 बजे से 6:30 बजे तक रहेगा व प्रतिदिन शिविरार्थी को निःशुल्क आयुर्वेदिक जूस का वितरण भी किया गया ।इस अवसर पर हीरा लाल धनोपिया योगाचार्य एवं शिविर प्रभारी श्याम सुन्दर चौधरी योगाचार्य एवं सह शिविर प्रभारी, ङदिनेश कोगटा, डीसी जैन,अध्यक्ष- एस एन जोशी, सचिव- बृजेश बाल्दी ,वित्त सचिव- विमल भंसाली,डॉ राजेश अठावाल,डॉ. कल्पना अठावाल ,संगीता बाल्दी, जितेन्द्र पीपाड़ा, डॉ पंकज धनोपिया, पंकज पीपाड़ा, श्यामलाल शर्मा,हरीश रायसिंघानी, गोपाल छीपा, राजेश सांखला उपस्थित रहे ।

संयमलता महाराज का मंगल प्रवेश

बिजयनगर, (निसं)। आचार्य प्रवर श्री सुदर्शनलाल महाराज सा एवं पूज्या संयमलता महाराज सा का शनिवार प्रात नगर से विजयनगर में मंगल प्रवेश हुआ। नगरवासियों ने इस पावन अवसर को धर्म-पर्व की भांति मनाते हुए साधु-संतों का स्वागत मंगल ध्वनियों एवं श्रद्धा के साथ किया।इस ऐतिहासिक मौके पर नगर के प्रमुख मार्गों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। आचार्य श्री के दर्शन मात्र से ही वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह धर्मप्रेमियों ने स्वागत द्वार बनाकर जयकारों के साथ आचार्य श्री का अभिनंदन किया इस अवसर पर जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों के साथ आस पास के क्षेत्रों से भी अनेक गुरु भक्तों सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे । भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश गुर्जर,राजपूत समाज अध्यक्ष सहदेव सिंह कुशवाह, प्रधान प्रतिनिधि शिखरानी सरपंच सुरेंद्र सिंह, मुकेश सेन,कमल जाट, सावर लाल भाम्बी व अर्जुन सिंह आदि शामिल थे। आचार्य श्री के चरणों में वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

ईद-उल-अजहा का त्यौहार मनाया

भीलवाड़ा। जिले भर में शनिवार को ईद-उल-अजहा का त्यौहार हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। सांगानेरी गेट स्थित ईदगाह में देश की खुशहाली अमन व बरकत के साथ-साथ अच्छी बारिश के लिये नमाज अता की । ईद की सभी एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दे रहे हैं।

जिले में कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा का त्योहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। मुस्लिम समाज के लोग हजारो की संख्या में सुबह ईदगाह पहुंचे जहां शहर काजी अशरफ़ जिलानी अजहरी ने नमाज अदा कराई। यहां देश में अमन चैन व भाई चारे की कामना की गई व अच्छी बारिश की दुआ मांगी। नगर परिषद द्वारा शहर काजी की दस्तारबंदी भी की गई। इस मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ही जनप्रतिनिधियो ने मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई दी। ईद पर ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज के दौरान अवाम की सलामती की दुआ मांगी गई। बाजारों में ठाहकों की भीड़ के चलते बाजार में काफी रौनक रही। रेडीमेड कपड़ों व जूता-चप्पल की दुकानों पर मुस्लिम परिवार के युवक, युवतियां, महिलाएं, पुरूष व बच्चे अपने-अपने पसंद की खरीदारी करने में मशगूल दिखे। शहर सहित जिले भर में जश्न का माहौल है। मुस्लिम समाज के लोग ने एक-दूसरे को गले लगाकर बधाई दी। शहरकाजी ने 11 बिंदुओं की ईद गाइड लाइन जारी की। जिसमें कुर्बानी खुली जगह में नहीं करने, गंदगी सड़क पर नहीं कर दूर जगह जमीन में दफन करने व सफाई का ख्याल रखने की अपील की। शहर काजी की सवारी मस्जिद नीलगरान मोहल्ला बाहला से ईदगाह पर पहुंची ।

पुलिस प्रशासन ने कडी मशक्कत के साथ बीच-बचाव किया

मकराना (निस)। ईद के दिन स्थानीय विधायक जाकिर हुसैन गैसावत और अजीज गहलोत ग्रुप में लात घुसे चले । पुलिस प्रशासन ने कडी मशक्कत के साथ बीच-बचाव किया । शहर में विधायक कोष से निर्मित होने वाली ईदगाह कब्रिस्तान खसरा नंबर 685 में 50 लाख की लागत से सीसी चौक निर्माण और कब्रिस्तान वजूखाना से भाखरो की ढाणी तक 17 लाख की लागत से सड़क निर्माण के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंचें मकराना कांठोस विधायक जाकिर हुसैन गैसावत और कांठोस नेता अजीज गहलोत के बीच विवाद हो गया। दोनों आमने-सामने हो गए और एक दूसरे से गाली-गलौज की। इस दौरान दोनों के समर्थकों में भी धक्का-मुक्की के साथ हाथापाई की नौबत आई गई तो पुलिस ने बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया।विधायक ने कांठोस नेता के खिलाफ दर्ज करवाई है। आरोप है कि अजीज गहलोत ने शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान विधायक गैसावत से गाली-गलौज की। साथ ही अपने समर्थकों के साथ आकर उनके भतीजे का हाथ तोड़ दिया।विधायक ने रिपोर्ट में बताया- कार्यक्रम के दौरान अजीज गहलोत को मंच पर मेरे साथ फोटो खिंचवाने के लिए बुलाया गया तो उसने गाली-गलौज करते हुए कहा कि मैं इस भ्रष्टाचारी के साथ फोटो नहीं खिंचवाऊंगा। इसके बाद लोगों ने समझाया तो अजीज गहलोत वहां से चला गया।कुछ देर बाद गहलोत अपने भतीजे-भांजों और समर्थकों के साथ दोबारा वहां पर आया और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। गहलोत और उसके समर्थकों ने मेरे साथ मारपीट करने की कोशिश की। मेरा भांजा फरीन मुझे बचाने आया तो उसका हाथ तोड़ दिया। इन लोगों ने शिलान्यास कार्यक्रम में लाए सामान को तोड़ डाला। मौके पर मौजूद पुलिस जाब्ते ने बीच-बचाव किया।

शिविर में सात वरिष्ठ चिकित्सक सेवाएं देंगे

भीलवाड़ा। श्री गणेश उत्सव प्रबंध एवं सेवा समिति के तत्वाधान एपिक हॉस्पिटल अहमदाबाद के वरिष्ठ कार्डियोवैस्कुलर सर्जन व ओपन हार्ट सर्जन डॉ अनिल जैन एवं उनकी वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ की टीम 14 जून शनिवार को प्रातः 9 से 2 बजे तक महेश छात्रावास, रोडवेज बस स्टैंड के पास भीलवाड़ा में निशुल्क हृदय रोग शिविर में रोगियों को निशुल्क परामर्श देंगे। शिविर प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि ख्यातनाम डॉ अनिल जैन की टीम द्वारा विगत 30 वर्षों में अपनी सेवाओं द्वारा हृदय रोग के 50 हजार के ऊपर सफल ऑपरेशन किए हैं वर्ष में एक बार होने वाले शिविर इस बार 5 वर्ष बाद उनकी टीम के 6 चिकित्सक सहित डॉ जैन 14 जून को निशुल्क शिविर में भीलवाड़ा अपनी सेवाएं देने आएंगे शिविर का पंजीयन बालाजी सेल्स रोडवेज बस स्टैंड भीलवाड़ा एवं गौरव ऑप्टीशियन सेवा सदन रोड भीलवाड़ा पर किया जा रहा है वरिष्ठ कार्डियक सर्जन को यह रोगी दिखा सकेंगे जिन मरीजों ने एन्जियोठाफी एन्जिओप्लास्टि, ईको कार्डियोठाफी, पेसमेकर ,वॉल सर्जरी, बायपास सर्जरी, बेन्टल सर्जरी, एएसडी, वीएसडी कराया हो या जिनका करवाने की सलाह दी गई है।

अवार्ड सेरेमनी 28 से

- किशनगढ़ में महेश विहार में सेवा एवं संस्कार की भावना के साथ आयोजित होगी

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के प्रांत 3233 ई 2 की दो दिवसीय चतुर्थ प्रांतीय कैबिनेट मीटिंग एवम डिस्ट्रिक अवार्ड सेरेमैनी 28-29 जून को प्रान्तपाल लायन श्यामसुंदर मंत्री की अध्यक्षता में किशनगढ़ में महेश विहार में सेवा एवं संस्कार की भावना के साथ आयोजित होगी। डिस्ट्रिक्ट मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि लायंस क्लब किशनगढ़ क्लासिक के तत्वावधान में आयोजित होने वाली चतुर्थ केबिनेट मीटिंग 28 जून को अपराह्न 4.30 बजे प्रारंभ होगी ।

जिसमें नवनिर्वाचित प्रांतपाल लायन रामकिशोर गर्ग, उपप्रांतपाल लायन निशांत जैन, लायन सी पी विजयवर्गीय भी सदन को संबोधित करेंगे। चीफ गाइडनर लायन वी के लाडिया , लायन अरविंद शर्मा भी अपने विचार रखेंगे। रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें उभरती प्रतिभाएं अपनी प्रस्तुतियां देंगे। प्रांतीय सचिव लीं सुभाष जैन ने बताया कि 29 जून को प्रातः 7.30 बजे से रजिस्ट्रेशन एवम फेलोशिप कार्यक्रम होगा। प्रातः 8.15 बजे तिरंगा कार रैली निकाली जाएगी , जो शहर के विभिन्न मार्गों से होकर निकलेगी। तत्पश्चात 10.15 बजे डिस्ट्रिक अवार्ड चेयरमैनी आयोजित की जाएगी । जिसमें सेवा कार्य में अग्रणी रहने वाले एवम प्रांतीय कार्यक्रमों को करने वाले प्रांत के 150 से अधिक क्लब्स एवं उनके लायन सदस्यों को अवार्ड प्रदान किए जाएंगे।

सैकड़ों लोगों ने सजदे में सर झुका कर की इबादत

बिजयनगर । मुस्लिम समुदाय द्वारा शनिवार को प्रेम,त्याग, समर्पण और कुर्बानी का त्यौहार ईद उल अजहा परंपरागत रूप से हर्षोल्लास से मनाया गया। कब्रिस्तान स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे जामा मस्जिद इमाम मौलाना इरफान रजा नईमी ने दो रकात नमाज अदा करवाई। खुतबा पढकर पैगाम दिया। सैकड़ो लोगों ने हाथ उठाकर मुल्क में अमन चैन और खुशहाली की दुआ की । लोग एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मौलाना नईमी ने कहा कि इस्लाम का पांच प्रमुख स्तंभ में सें एक हज इसी दिन होता है। आज का दिन हमें अल्लाह की राह में जान माल की कुर्बानी का पैगाम देता है। उन्होंने समुदाय के लोगों से अपील की अन्य समुदाय की भावनाओं व नगर की स्वच्छता का ध्यान रखें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट नहीं करें !शांति और सोहार्द बनाए रखें। कब्रिस्तान सदर मंजूर मोहम्मद शहर सदर भूरा भाई व सद्दीक शाह ने इमाम साहब की दस्तार बंदी की। इस अवसर पर समाज के संरक्षक पूर्व सदर अब्दुल हकीम चौधरी, मास्टर अब्दुल हमीद बिसायती, मोहर्रम कमेटी सदर अब्दुल सकूर पठान,पार्षद नौशाद मोहम्मद, पार्षद मोहम्मद दाऊद कुरैशी सहजाद मंसूरी,मास्टर अखत्यार अली,हाजी बाबूदीन मंसूरी, हाजी सफी मोहम्मद मंसूरी, सूबेदार पीर मोहम्मद फौजी,पीरु उस्ताद, हाजी शेर मोहम्मद पठान, इंटक नेता हाजी इलियास मोहम्मद, हाजी प्यार मोहम्मद कंपाउंडर, पीर मोहम्मद देशवाली चन्दा कालोनी मस्जिद सदर मुमताज अली पठान सहित समाज के लोगों ने गले मिलकर मुबारकबाद दी। नगर कांठोस अध्यक्ष दौलत राम माणक चन्दानी,पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा मूल सिंह राठौड़, जगदीश सिंह राठौड,पूर्व पार्षद भगवान सिंह पूर्व पार्षद गोपाल स्वरूप कुमावत व तरुण कच्छावा सहित गणमान्य लोगों ने प्रेम और भाईचारे के पर्व पर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

वंदे गंगा जल अभियान के तहत विकास कार्यों का भ्रमण

अजमेर । अजमेर जिले में बंदे गंगाजल संरक्षण अभियान के तहत जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को अजमेर जिले के ग्राम सरधना पंचायत समिति पीसांगन के गांव गोला तथा लामाना ग्रामीण क्षेत्र का अजमेर के पत्रकारों को भ्रमण कराया गया एवं वहां पर सरकार व ग्रामीण से भामाशाहों के सहयोग से किए गए विकास कार्यों एवं पौधारोपण के बारे में जानकारी दी गई।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संतोष प्रजापति के नेतृत्व में मुक्ति धाम विकास एवं जल ग्रहण व वृक्षारोपण कार्यों का अवलोकन किया गया एवं सरकार व जनता के सहयोग से कराए गए कार्यों की जानकारी दी गई, जहां सरधना ग्राम में पर्यावरण संरक्षण मुहिम का असर देखने को मिला वहीं साफ सफाई व्यवस्था का कार्य बहुत ही सुंदर तरीके से किया गया था। सराधना सरपंच हरिकिशन जाट ने बताया कि श्मशान की भूमि पर अगस्त 2021 से पहले केवल बबुल के पेड़ से जहां अगस्त 2021 के बाद सरकार में ग्रामीणों व भामाशाहों के सहयोग से करीब दस बीघा भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य व उनको पानी पिलाने का कार्य गांव के निवासियों द्वारा किया गया पूर्व में जो बंजर भूमि थी जो क्षेत्र चट्टानों से हटा पड़ा था, वह भूमि अब हरी भरी नजर आने लगी है।

गोपाल गर्ग व सलभ टंडन प्रभारी अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण में इन गांव में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। इसके पूर्व सभी पत्रकारों का सरपंच हरिकिशन जाट द्वारा माल्यार्पण में साफा बांधकर स्वागत किया गया।

पचास बीघा भूमि पर 8 हजार पौधे- ग्राम पंचायत लामाना में जल संरक्षण में वृक्षारोपण कार्य के तहत जिस भूमि पर पहले पशु मेला भरा जाता था, करीब 50 बिघा भूमि पर लगभग 8 हजार पौधे ग्रामीण व सरकार के सहयोग से लगाए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए लमाने के उप सरपंच बाबू सिंह ने बताया कि नरेगा के तहत 2012 में लगभग 50 बीघा भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य किया गया, जो आज करीब सभी पेड़ पौधे बड़े हो चुके हैं तथा चारों तरफ हरियाली का वातावरण बना हुआ है। लामाना में पेडो पर नही चलाते है कुल्हाडी- ग्राम पंचायत लामाना के ग्रामीणों का कहना है कि हमारे यहां किसी भी पेड को नही काटा जाता है, यहां के लोगों की मान्यता है कि माता की बन्नी की वजह से यहां लगे पेड पौधों पर कुल्हाडी नही चलाते है, उनका मानना है कि अगर पेड को काटने से माता जी नाराज हो जाएगी और तथा किसी अनहोनी की वजह से ग्रामीण केवल वृक्षारोपण करते है। पेड़ों को नही काटा जाता है। यदि कोई पेड गल जाता है या फिर आंधी बारिश के दौरान कोई पेड गिर जाता है तो उस पेड की लकडियों को शमशान में मृतकों के शवों को जलाने के काम में ली जाती है।

पर्यावरण सुरक्षा और सरंक्षण के लिए महत्वपूर्ण कदम

भीलवाड़ा । हिन्दुस्तान जिंक द्वारा रामपुरा आगुचा माइंस के आस पास के क्षेत्र में पर्यावरण की सुरक्षा और सरंक्षण हेतु, इस वर्ष भी महत्वपूर्ण कदम उठाएं गये। सघन वृक्षारोपण की शुरूआत के साथ ही आगुचा तालाब का पुर्नउद्धार कर उद्यान का भी शुभारंभ किया। वृक्षारोपण अभियान की शुशआत गणमान्य व्यक्तियों ने पौधे लगा कर की। इसके अलावा, हुरड़ा, कोटडी, बड़ला, भोजरास, कोटिया, मूलजी का खेड़ा और रूपाहेली के आस-पास के गांवों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 700 पौधे लगाए गए। हिन्दुस्तान ज़िंक द्वारा विभिन्न सामुदायिक सहभागिता और कर्मचारी स्वयंसेवा के माध्यम से लगभग 800 पौधे लगाए हैं, ताकि एक हरित कल की ओर सहयोग दिया जा सके। कार्यक्रम में पर्यावरण जागरूकता सत्र भी आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्रों, महिलाओं और समुदाय के सदस्यों को पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। इस पहल ने न केवल क्षेत्र की पारिस्थितिक सुंदरता को बढ़ाया, बल्कि सामुदायिक भागीदारी और पर्यावरण संरक्षण की मजबूत भावना को भी बढ़ावा दिया। हिन्दुस्तान ज़िंक की सीएसआर पहल के तहत, नव पुनर्निर्मित अगुचा तालाब के चारों ओर विकसित एक सुंदर उद्यान के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रोहित चैहान, आईबीयू रामपुरा आगुचा क्लस्टर सीईओ राम मुरारी, प्रधान, हुरडा पंचायत कृष्ण सिंह राठौड़, यूनियन के महामंत्री महेंद्र सोनी, रामपुरा आगुचा के पर्यावरण प्रमुख दिनेश कुमार पालीवाल, हेड एडमिन अभिमन्यु सिंह राणावत, समाजसेवी जितेन्द्र नागर, जेईएन सिंचाई विभाग दिनेश दर्जी, हेड सीएसआर अभय गौतम, यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष महेंद्र सिंह चैहान उपस्थित थे। रामपुरा आगुचा माइंस महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से सतत विकास और समावेशी विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

सार-समाचार

अब आसानी से मिल सकेगा होम लोन

अजमेर । अपना घर हर किसी का सपना होता है लेकिन महंगाई के इस दौर से घर लेना एक चुनौती से कम नहीं है, उस पर होम लोन के लिए लम्बी लाइन, इसे और मुश्किल बना देती है लेकिन अब अजमेर के लोगो को होम लोन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा क्योंकि शहर में प्रमुख हाऊसिंग फायनेंस कंपनी आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड अपना विस्तार करने जा रही है। आईआईएफएल होम फाइनेंस कम आय वाले परिवारों को सहायता करने के लिए जानी जाती है। कम कागजी कारवाई, घर पर सर्विस, और व्यक्तिगत सहायता के साथ, कंपनी अजमेर जैसे छोटे शहरों में ऋण की कमी को पूरा करने जा रही है। विस्तार पर बात करते हुए ज़ोनल सेल्स मैनेजर हरेंद्र कुमार शर्मा ने कहा, अजमेर एक उभरता बाजार है। नई शाखा से पहली बार घर खरीदने वालों को आसान और भरोसेमंद होम लोन मिल सकेगा। मार्च 2025 तक आईआईएफएल होम फाइनेंस की पूरे भारत में 376 ब्रांच हैं और 3.08 लाख से ज्यादा ठाहक हैं। राजस्थान में कंपनी की 37 ब्रांच हैं, जो 21,000 से ज्यादा ठाहकों को सर्विस देती हैं। अजमेर की नई शाखा से स्थानीय लोगों को घर खरीदने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही यह कदम समावेशी विकास और सरकार की सभी के लिए आवास योजना का के अनुरूप भी है।

किन्नर महासम्मेलन 12 से

मदनगंज-किशनगढ़ । मंगलामुखी नाजर किन्नर समाज किशनगढ़ की और से 12 जून से अठासेन विहार में दस दिवसीय शांति और आशीर्वाद का महासंगम अखिल भारतीय किन्नर महासम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष रानी बाई ने इस संबंध में प्रेस से रूबरू होते हुए जानकारी दी की ऐतिहासिक सम्मेलन में देश भर से करीब 5 हजार किन्नर समाज के स्तम्भ जुटेंगे। शोभायात्रा के साथ कुम्भ कलश, चाक पूजन, खिचड़ी तुलाई आदि परम्परा का दिव्य संगम होगा। अध्यक्ष रानी बाई ने बताया की 21 जून तक आयोज्य महासम्मेलन का मुख्य उदेश्य देश में अमन चैन व खुशहाली की दुआ करने के अलावा सामाजिक स्तर पर मन मुटाव दूर कर नये रिश्ते जोड़े जायेगे। साथ ही समाज को जागरूक करने के अलावा कमियों को दूर करने के लिये सार्थक चर्चा होगी। सामाजिक सरोकार से जुड़कर सदैव मानव सेवा हेतु तत्पर रहने का संकल्प लिया जायेगा। सन 1983 से चली आ रही इस परम्परा को लेकर लगभग तेरह साल पहले किशनगढ़ में किन्नर सम्मेलन आयोजित हुआ था, किन्नर समाज में राष्ट्रीय स्तर पर ख्यातिनाम अध्यक्ष रानी ने पुनः किशनगढ़ में बडा आयोजन कराने का निर्णय लिया। इस दौरान अध्यक्ष रानी, सरोज किशनगढ़, संगीता व सागर किशनगढ़, शारदा जोधपुर, रेखा गंगरार, काजू कुचामन, रेखा फरकनगर हरियाणा, उषा, डिम्पल मौजूद रही।

सांखला दूसरी बार बने मेड़ता नगर अध्यक्ष

मेड़ता सिटी, (निसं)। राजस्थान कांठोस प्रदेश कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को आदेश जारी नगर कांठोस अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिसके तहत मेड़ता निवासी जाकिर खान सांखला को नगर कांठोस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त नियुक्त किया गया। सांखला दूसरी बार नगर अध्यक्ष चुने गए । कांठोस कमेटी अध्यक्ष नियुक्त हुए सांखला मेड़ता नगरपालिका के वार्ड संख्या 40 के पार्षद भी है । इस अवसर पर अध्यक्ष ने सांखला ने बताया कि राजस्थान कांठोस कमेटी ने जो मुझ पर भरोसा जताया हे में उस पर खड़ा उतरूंगा । पार्टी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जो मुझे भरोसा जताते हुए दूसरी बार भी मेड़ता नगर अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा हे उस पर पूरी लग्न और मेहनत के साथ काम करेंगे ।

विद्यार्थी पुरस्कृत

ब्यावर (निसं) जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत के निर्देशन में ''वंदे गंगा - जल संरक्षण महाअभियान'' के अंतर्गत जिले में विभागवार गतिविधियों का क्रमबद्ध आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय पटेल उच्च माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय निबंध, भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के सभी पाँचों ब्लॉकों से चयनित विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अभियान के समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं में जल संरक्षण को लेकर गहरी समझ और संकल्प विकसित होता है। डॉ. खडगावत ने बताया कि इस महाअभियान को एक जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से गंगा दशमी, विश्व पर